NAINI
Ethically Firm. Environmentally Strong

सामाजिक, श्रम एवं कर्मचारी कल्याण नीति

नैनी पेपर्स लिमिटेड सामाजिक उत्तरदायित्व, श्रमिक अधिकारों और कर्मचारियों के संपूर्ण कल्याण को सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारी यह नीति राष्ट्रीय कानूनों, अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों (जैसे ILO) और FSC समूह प्रमाणन की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

हमारी प्रमुख प्रतिबद्धताएँ इस प्रकार हैं:

- हम सभी लागू श्रम कानूनों और अंतरराष्ट्रीय श्रम संधियों का पूर्ण पालन करते हैं, जैसे ILO की मूल आठ श्रम संधियाँ।
- संगठन में सभी नियुक्तियाँ स्वेच्छा पर आधारित होती हैं। कोई भी कर्मचारी बंधन, अनुबंध या ज़बरदस्ती के अंतर्गत कार्यरत नहीं होता।
- बाल श्रम, बंधुआ श्रम और जबरन श्रम को हमारी इकाईयों में सख्ती से निषिद्ध किया गया है – चाहे वह प्रसंस्करण इकाई हो या वानिकी गतिविधियाँ।
- किसी भी कर्मचारी के साथ उनके लिंग, जाति, रंग, धर्म, उम्र, वैवाहिक स्थिति, यौन पहचान, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचार या यूनियन सदस्यता के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता – चाहे वह नियुक्ति हो, पदोन्नति, प्रशिक्षण या अनुशासनात्मक कार्रवाई।
- सभी कर्मचारियों को निर्धारित वेतन और लाभ उसी रूप में प्राप्त होते हैं, जैसे उनके सेवा अनुबंध में उल्लिखित है और जो श्रम कानूनों के अनुसार हैं।
- कार्यस्थल में कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन व्यवस्थाएँ एवं जोखिमों से सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जाती है।
- प्रत्येक कर्मचारी को उनकी धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, और वे अपनी पसंद के संगठन या यूनियन से जुड़ सकते हैं।
- किसी भी कर्मचारी से किसी प्रकार की जमानत राशि, दस्तावेज़, या अन्य वस्तु कार्य पर रखने के लिए नहीं ली जाती है। सभी कर्मचारी सीधे कंपनी द्वारा नियुक्त और भुगतान किए जाते हैं।
- हम कार्यस्थल पर सकारात्मक, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण बनाए रखने हेतु नियमित संवाद, प्रशिक्षण और समीक्षा करते हैं।

13th June'2025

(Mukesh Tyagi)

Director- Technical

Naini Papers Limited

CIN: U21090UR1995PLC033469

An ISO 9001:2015; ISO 14001:2015; ISO 45001:2018 Certified Company

Regd. Office: Station Road, Kashipur-244713 (Uttarakhand) Tel.: +91 (5947) 279331, 275872

Works: 7th Km. Stone, Moradabad Road, Kashipur-244713 (Uttarakhand) Tel.: +91 (5947) 275913/14/15

Sales Office: Unit No – CT-GF-004 (Ground Floor) Emaar Capital Tower -1, Sec -26, Near Guru Dronacharya Metro Station, Gurugram, Haryana- 122002

info@nainigroup.com | www.nainigroup.com